आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.05.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है।
- कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से हवाई यात्रा अनुरोध को देखते हुए परामर्श जारी किया गया है।
- पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा।
- बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से 23 मई को चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग–एन एच आर सी ने दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालय स्तर के विभिन्न शैक्षणिक विषयों के 80 छात्रों को एक हजार सात सौ 95 आवेदकों में से चुना गया है। दो सप्ताह के इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण की व्यापक समझ प्रदान करना है।

अपने संबोधन में एन एच आर सी के महासचिव भरत लाल ने कहा कि युवा भारत की सबसे पुरानी सभ्यता के सहानुभूति, करुणा और न्याय के सिद्धांतों के पथ प्रदर्शक हैं। उन्होंने छात्रों से न्याय, समानता और गरिमा के राजदूत के रूप में सेवा करने का आग्रह किया और छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे इस अवसर का उपयोग भारत के संवैधानिक ढांचे को समझने तथा मानवाधिकारों और सभी की गरिमा के लिए काम करने में करें।

<><><><><><><><>

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल कल समाप्त हो गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों, और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने अंडमान विज्ञान संघ और गुजरात प्राकृतिक खेती विज्ञान विश्वविद्यालय के सहयोग से श्री विजयपुरम में "प्राकृतिक खेती के माध्यम से टिकाऊ कृषि" पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में एस डब्ल्यू एम के ए डी जी डॉ. ए. वेलमुरुगन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में मृदा स्वास्थ्य, किसानों की आजीविका और कृषि–पारिस्थितिक संतुलन के लिए प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने "प्राकृतिक खेती में माइक्रोबियल गतिशीलता का उपयोग" विषय पर जानकारी देते हुए पौधों के स्वास्थ्य में मिट्टी के माइक्रोबायोटा की भूमिका के बारे में बताया। गुजरात प्राकृतिक खेती विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी. के. टिंबाडिया ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों और परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों, किसानों और हितधारकों ने भाग लिया। इसके अलावा कार्यशाला में मिनीकॉय, लक्षद्वीप, के वी के निंबूडेरा और कार निकोबार के प्रतिभागियों ने वर्चुअल रूप से भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, विस्तार कर्मियों और किसानों ने द्वीप पारिस्थितिकी प्रणालियों के अनुकूल टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल खेती प्रणालियों पर विचार–विमर्श किया।

<><><><><><><><>

कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से हवाई यात्रा अनुरोध को देखते हुए परामर्श जारी किया गया है। 5, 6, 12 और 13 मई को हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण सहायक आयुक्त कार्यालय में हवाई यात्रा के अनुरोधों का अतिरिक्त दबाव बन गया है। सहायक आयुक्त कार्यालय ने सभी सरकारी और निजी यात्रियों को गैर–जरूरी उद्देश्यों के लिए यात्रा करने से बचने और कैंपबेल बे से श्रीविजयपुरम तक हवाई टिकटों के आधार पर मुख्य भूमि की आगे की यात्रा की योजना न बनाने की सलाह दी है। ऐसे यात्रियों को जहाज से यात्रा करने को कहा गया है। कार्यालय इस सप्ताह हवाई यात्रा के लिए केवल चिकित्सा और अन्य जरूरी व्यक्तिगत मामलों पर विचार करेगा।

<><><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से विभिन्न पशुपालन प्रबंधन और चारा उत्पादन पर इच्छुक किसानों को एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम मध्योत्तर अंडमान में सीतापुर, वेबी और बसंतीपुर, निकोबार जिले के कैंपबेल–बे, कमोर्टा और कार निकोबार में आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा लिटिल अण्डमान तथा डॉलीगंज में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी लोगों को आजीविका के लिए कौशल विकास प्रदान करना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार होमगार्ड संगठन में होमगार्ड स्वयंसेवक के पांच सौ बयालीस रिक्त पड़े पदों पर भर्ती की जाएगी। पहले चरण में एक सौ उन्यासी पदों पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार का कम से कम चौंथी पास होना अनिवार्य है। यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए स्वैच्छिक आधार पर होगी। उम्मीदवार की आयु पचास वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। होमगार्ड स्वयंसेवकों का नामांकन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार चार जून तक अपने नजदीकी पुलिस थाने में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र और अन्य जानकारी अंडमान निकोबार पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से 23 मई को श्री विजयपुरम में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह ट्रायल पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के प्रथम अंडर–23 3x3 राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल 12 से 14 जून तक क्षेत्रीय खेल केंद्र, कोच्चि, में आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल में 1 जनवरी 2002 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग लेने के पात्र हैं। खिलाड़ियों से अपनी प्रविष्टियां 23 मई तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से कल अंडमान क्लब में "मिस्टर फिट बॉडी बिल्डिग प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आई आर बी एन के अब्दुल सलाम को पहला, सुरेश को दूसरा और अयाज को तीसरा स्थान हासिल हुआ। इस अवसर पर खेल निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि और ज़िला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया तथा सहायक आयुक्त अभिषेक गुलिया सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खेल उप–निदेशक बिश्वनाथ सेन के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय 22 मई से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय केंद्र में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम –सी बी सी एस सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करेगा। अधिक जानकारी के लिए, आधिकारिक विश्वविद्यालय लिंक या कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स की ओर से जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सहयोग से रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य पर्यटन और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच.के. शर्मा मुख्य अतिथि और आटो के अध्यक्ष एम. विनोद सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रोजगार मेले में 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। पर्यटन और सेवा क्षेत्र से कुल 20 भर्ती संगठनों ने साक्षात्कार और बातचीत सत्रों के माध्यम से छात्रों के साथ संपर्क किया। इस रोजगार मेला में 40 से अधिक उम्मीदवारों को प्लेसमेंट के लिए चुना गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में इक्कीस दशमलव आठ मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में सोलह दशमलव एक, कार निकोबार में पन्द्रह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दस दशमलव दो, लांग आइलैंड में दस और ननकौड़ी में पांच दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगी ।

<><><><><><><>